>

Title: Reference regarding successful launching of Polar Satellite Launch Vehicle (PSLV-C9) by Indian Space Research Organisation (ISRO) on 28th April, 2008.

MR. SPEAKER: Hon. Members, the Indian Space Research Organisation, ISRO, has once again achieved a remarkable success in placing in orbit a record number of ten satellites simultaneously, through its launch vehicle, PSLV-C9, this morning.

I had the privilege of watching this historic launch process, which is the first of its kind in the world, live, on the national broadcaster and the precision with which the mission was accomplished made me feel extremely proud of the achievement by our space scientists which will go down in the history of the Indian Space Research as a major milestone.

With one more feather in its cap, I am confident, the ISRO will soon emerge as one of the major players in the international commercial satellite launch market.

Hon. Members, I am sure all of you will join me in congratulating the Indian team of scientists, technologists and the staff of the ISRO who have made this mission a success.

MR. SPEAKER : Q. No. 481.

...(*Interruptions*)

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) :** अध्यक्ष जी, कल हमने प्रश्न उठाया था कि बालू जी ने ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER : I know, I have got your notice.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Hon. Members, will you please take your seats?

...(*Interruptions*)

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** प्रधान मंत्री ने भी अपने ऑफिस का दुरुपयोग किया है। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER : I have already said such matters cannot be discussed in the way you want to discuss it. Therefore, if you so think, you can give a proper Motion. I will consider it. I am told there is already legal proceedings pending. Therefore, it has become *sub judice.*

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Q. No. 481. Hon. Members, please sit down.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I will request the hon. Members to please allow the Question Hour to go.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** आप ही तो उठे हैं। आप उनको क्यों ऊंगली दिखा रहे हैं? आप बैठ जाइए। कैसे डाक्टर हैं आप?

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Q. No. 481. Shri Ramdas Athawale.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Hon. Members, I am thankful to you.

...(*Interruptions*)

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** आप ज़ीरो आवर में हमें बुलाएंगे?

MR. SPEAKER : On this issue, sorry I cannot. आप जानते हैं कि दो-तीन दिन ही बाकी हैं।

â€¦(व्यवधान)

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** प्रधान मंत्री द्वारा ऑफिस का दुरुपयोग किया गया, एक मंत्री द्वारा दुरुपयोग किया गया। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप प्रापर नोटिस दे दीजिए।

**श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार):** माननीय अध्यक्ष महोदय, ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आपको भोजपुरी के लिए हमने कहा है।

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** इस विषय में हमने कार्य स्थगन नोटिस दिया है प्रधान मंत्री के कार्यालय के संबंध में ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** उसको हमने स्वीकार नहीं किया है।

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Nothing to be recorded.

*(Interruptions) â€¦ **

SHRI RAMDAS ATHAWALE (PANDHARPUR) : Q. No. 481....(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I earnestly appeal to all the hon. Members to please allow the House to function. Very important questions are there.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Madhusudan Mistry, please take your seat.

...(*Interruptions*)

**11.04 hrs.**

(*At this stage, Dr. Ram Lakhan Singh and some hon. Members came and stood on the floor near the Table)*

MR. SPEAKER: I will not adjourn today. Go on.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing is being recorded. Do not record one word.

*(Interruptions) â€¦ **

* Not recorded

MR. SPEAKER : Why are you bothered? I am not allowing you. Why are you hoisting your breadth? It is not being allowed.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Shri Madhusudan Mistry, please take your seat.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Shri Ramdas Athawale, please take your seat.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : I have said that you have to give a proper notice. Rules require that a proper notice has to be given. You do not bother to give a proper notice and then you want to dictate to the other Members. By misusing your position you are standing here. It is against the rules, against the propriety and against the decency. You are doing it day-by-day. What can I do? You go on. Today, I will not adjourn the proceedings. I will not allow on your threat.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Nothing will be recorded. Go on. How long will you go on?

*(Interruptions) â€¦ **

MR. SPEAKER : Let the country see what you are doing. Let it go on.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Very well, they will also see me. They have seen me also. This is the position. The Speaker has not been shown the minimum respect in this House.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : It is not being recorded. Why are you bothered? I am sure everybody is taking notice of it.

*(Interruptions) â€¦ **

* Not recorded

MR. SPEAKER : I can only say that it is a matter of great sorrow for me. There are important matters which have to be discussed. A lot of important questions are there, and the Finance Bill is to be discussed. I only want the House to function properly. I am earnestly requesting you to allow the House to function. If you have given notices, I will consider them.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Do not ask for any bargain with me. There is no question of bargain with me.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Sometimes, I wonder whether we are fit enough to come here. That is what I wonder. On what basis the people are sending us here? Is it to shout only?

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Everyone should ask himself or herself whether they are serving the country.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing is being recorded. I express my annoyance and total condemnation of the manner in which the House is being run.

*(Interruptions) â€¦*[a1]*

MR. SPEAKER: Merely if you have a strong voice and if you can raise your decibel, that does not mean that the subject is strong. No.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Let me read the answers of the Ministers because I am not going to adjourn it today.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You cannot bargain with me. There is no give and take with me.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Not on this issue.

...(*Interruptions*)

* Not recorded

MR. SPEAKER : I am earnestly appealing to all sections of the House to allow the Question Hour to go on.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : I earnestly appeal to you. Question Hour is very important. Already, we have lost 13-14 minutes. I am not going to commit anything. You know the rules. Shri Ramdas Athawale has put a Question. The hon. Minister of Agriculture has to reply.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Please take down the names of the Members who are giving slogans. It should be recorded.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Hon. Member, you have got the first Question today. This is the responsibility!

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** ड्राउट के बारे में क्वैश्चन है। यह क्वैश्चन ड्राउट अफैक्टेड एरिया के बारे में है। आपका पहला ही क्वैश्चन है और आप क्वैश्चन न पूछकर यहां स्लोगन लगा रहे हैं। आपने सिर्फ दिखाने के लिए क्वैश्चन किया है।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER : You are not concerned with drought. I charge you.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : You are being unfair to the Chair. I have said on last Friday that you should give a proper notice under the rules. You never bother about rules.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : No. I have not got it as yet.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : There is no provision for either suspension of Question Hour or Adjournment Motion which I rejected.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** छोड़िए, देखेंगे। तब भी आप जोर देकर करना चाहते हैं। आप समझते हैं कि चिल्लाने से हो जाएगा। यह अच्छा नहीं है। हम अपील कर रहे हैं।

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: The Speaker of Parliament, Lok Sabha is appealing to the Members repeatedly. If it is something which is

not admissible now, it will not be admissible at 12 noon. I have said that I would go according to rules. I am repeatedly saying that I am not shirking out any issue. But this culture has to go from Parliament of India that anybody can come to the Well, stop the proceedings of the House, get newspaper publicity and go on.[R2]

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : You do not bother about it. That is why, I say: "No work, no pay." Please agree to this. We have to agree to this. No work, no pay.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : One thousand rupees is being paid to you for this.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : We are concerned about the active members.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : जो माननीय सदस्य स्लोगन दे रहे हैं, उनका नाम नोट करें।

â€¦(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** प्लीज़, यह क्या हो रहा है?

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I am requesting both sides again and again to behave properly.

...(*Interruptions*)[MSOffice3]

**अध्यक्ष महोदय :** यह क्या हो रहा है?

â€¦(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आपकी वाइस सुनकर लाइट भी बंद हो गयी।

â€¦(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** सरकार का कुछ नहीं है, हमारा है। हमने बंद कराया। अफसोस के साथ इसे बंद कराया।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Out of shame I have done it.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** आप लोग मेहरबानी करके बैठ जाइए। सभी चिल्ला रहे हैं।

â€¦(व्यवधान)

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पवन कुमार बंसल) :** आप कुछ तो देखिए, जो ऐसी बातें करते हैं। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please do not bother.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइए। हमने मंत्री जी को बैठा दिया है, अब आप भी बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please do not get agitated.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing is being recorded and nothing is being shown on also.

*(Interruptions) â€¦**

**अध्यक्ष महोदय : अब** सब बंद हो गया। आपको कोई देख नहीं रहा है। अब जाकर बैठ जाइए। आपका काम हो गया।

â€¦(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आधा घंटा आपने ले लिया, अब आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान) [p4]

MR. SPEAKER: I do not know why are you worrying.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: There is a question on drought.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Apart from Dr. Ram Lakhan Singh, who has the main question, we have already received requests from Shri Avinash Rai Khanna, Shri Haribhau Rathod, Shri Jaswant Singh Bishnoi, Dr. Bikram Keshari Deo, Shri Mahaveer

* Not recorded

Bhagoda for supplementary questions because they are worried about their States. Now, you are not deliberating the House to discuss a very important matter. You can see that it is a very sad day for the country.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** आप जानते हैं कि यह डिसकस नहीं हो सकता है and you want to force me.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You may go on.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** यदि आपने नोटिस दिया होगा तो I would certainly consider the notice. It has come to me only on Monday morning.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** ठीक है, बहुत हो गया। हमने लाइव टेलीकास्ट भी बंद करवा दिया है। आपकी तस्वीर नहीं आ रही है। आप अब अपनी सीटों पर जाकर बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Your photo is not coming there. Of course, I want the people to see the behaviour of the Members who are disturbing the House, whether it is this side or that side.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Have you read the rules ever?

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** आप पढ़े-लिखे आदमी हैं। क्या आप जानते हैं कि कुछ रूल्स भी होते हैं?

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Mr. Pradhan, you will be in trouble. You will have to face an inquiry.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** क्या रूल्स में ज़ीरो आवर नाम से कुछ है? आप इतने पढ़े-लिखे आदमी हैं, बड़ी-बड़ी बातें करते हैं।

â€¦(व्यवधान)

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** अध्यक्ष महोदय, हमने आपसे रिक्वैस्ट की थी कि आप हमें ज़ीरो आवर में इस ईशू को उठाने की इजाजत दीजिए। आप इजाजत देंगे या नहीं, यह हमें नहीं पता है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** हमने कुछ नहीं बोला। Be fair to the Chair. Last Friday, it was raised. I said, this can not be raised like this. There is a procedure. Please follow that procedure. I have not seen it on Saturday or Sunday. Today is Monday and up till now I have not seen it.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Allow me to speak.

...(*Interrupt*[r5]*ions*)

**अध्यक्ष महोदय:** हम सुन रहे हैं।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER : That is why I have said all these things. But Saturday and Sunday have passed. I will see whether any Motion has come or not and will take a decision

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** इसके बावजूद आप जबर्दस्ती इस विषय को उठाना चाहते हैं। Against the rules and the procedures, you are not allowing the Speaker even to read your Motion. What can I do?

â€¦(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप इस विषय को जीरो ऑवर में न उठाकर क्या क्वैश्चन ऑवर में उठायेंगे- क्या यह भी कोई बारगेन करने वाली बात है?

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Please go on; I am allowing it to go on. I can only say that it is most unfortunate, it is a very sad thing that we cannot allow the House to perform.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय:** आप बजट सैशन भी चलने नहीं देंगे, तो हम क्या करें?

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER : I will not allow this issue to be raised unless you give a proper Motion.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : I will look into it.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** हम देखेंगे। शनिवार और रविवार को छुट्टी थी। आज सुबह आये हैं, तो आप सदन को चलने नहीं दे रहे।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER : This Hour is entirely in my control.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Let the telecast be resumed. Let the people see.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Please sit down. Why are you standing? Nothing is being recorded.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. SPEAKER : I am again appealing to my friends on the left, please go to your seats, please allow the Question Hour to go on. I am sorry that there is a deliberate attempt to disturb this House.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय:** इनके नाम भी नोट कीजिए।

â€¦(व्यवधान)[r6]

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Please sit down. Please take your seats. I am again earnestly appealing to you to allow the Question Hour. It is a very important Question. You are talking about the farmers and the problems of the farmers. This Question relates to the issues of the farmers. I appreciate that a very important Question has been put and the Minister is here to reply. You also want to put many supplementaries.

*...(Interruptions)*

*Not recorded

**श्री हरिन पाठक (अहमदाबाद) :** महोदय, हम लोग इस विषय को जीरो आवर में उठाएंगे।

**अध्यक्ष महोदय :** आप लोग जब उठाएंगे, अपनी ओर से उठाएंगे। आप लोग मेरी इजाजत तो मांगते नहीं हैं।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I cannot commit anything. मुझे रेसपेक्ट नहीं चाहिए, हाउस को रेसपेक्ट दीजिए, जनता को रेसपेक्ट दीजिए। मुझे अपनी इज्जत नहीं चाहिए। अभी इस पार्लियामेंट में जो चेयर पर बैठता है, उसकी इज्जत इस देश में नहीं है।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Prof. Malhotra, please cooperate with the Chair. You are such a senior Member, you are such a responsible Member. Please allow the Question Hour now.

**11.37 hrs.**

*(At this stage, Dr. Ram Lakhan Singh and some other hon. Members went back to their seats)*

MR. SPEAKER: I am thankful to all of you, including the active members, who will face some trouble.

Now, Q. 481 – Shri Ramdas Athawale – Not present.

Dr. Ram Lakhan Singh. [H7]

**(Q. No. 481)**

**डॉ. राम लखन सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न सूखे से संबंधित है।

**अध्यक्ष महोदय :** आप किस सब्जेक्ट के डाक्टर हैं?

**डॉ. राम लखन सिंह :** मैं किस विषय का डाक्टर हूं, इसे अभी छोडिए। मैं इस विषय का भी डाक्टर हूं।

**अध्यक्ष महोदय :** डाक्टर होकर इस तरह कैसे चिल्लाते हैं, यह मुझे समझ में नहीं आता है।

**डॉ. राम लखन सिंह :** महोदय, मैंने सूखे से संबंधित एक प्रश्न किया है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न है, जैसा कि आपने भी बार-बार कहा है।

महोदय, मध्य प्रदेश में 48 जिले हैं, जिनमें से जवाब में बताया गया है कि 39 जिले सूखे से पीड़ित हैं। वहां यह सूखा सिर्फ इस वर्ष नहीं पड़ा है, इनमें से कुछ जिले लगातार पिछले चार वर्षों से सूखे की चपेट में हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र में, जिसमें मेरा संसदीय क्षेत्र भी आता है, लगातार सूखे के कारण जलस्तर नीचे चला गया है, तालाबों का पानी सूख गया है, नदियों में पानी नहीं रह गया है, जिसके कारण वहां से मनुष्य और जानवर, दोनों पलायन कर रहे हैं, क्योंकि वहां उनके भोजन के लिए भूसा नहीं है और पीने के लिए पानी नहीं है। कांग्रेस के माननीय सदस्य ने भी वहां का दौरा किया और बार-बार प्रदेश के मुख्यमंत्री ने वर्ष 2007-08 के लिए लगभग 2,000 करोड़ रूपए की मांग केंद्र सरकार से की है। केन्द्र सरकार ने अपना एक प्रतिनिधिमंडल वहां भेजा था, एक समिति भी वहां दौरा करके आई है और उसके बाद भी सरकार यह जवाब दे रही है कि एनसीसीएफ से जो पैसा देने की मांग की गयी है, उसके लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है, वह समिति इस पर विचार करेगी। क्या आप जनता के साथ मजाक कर रहे हैं? मैं जानना चाहता हूँ कि यह उच्चस्तरीय समिति इस पर कब तक निर्णय करेगी और आप समय बताइए कि मध्य प्रदेश को कब तक पैसे दिए जाएंगे क्योंकि वहां गंभीर स्थिति बनी हुई है?

SHRI SHARAD PAWAR : Sir, we have received a communication from the Government of Andhra Pradesh. I had a detailed discussion with the hon. Chief Minister of Madhya Pradesh. There is a demand from the Government of Madhya Pradesh that the Government of India should provide a sum of Rs. 1,833 crore from NCCF. As per practice, we are supposed to constitute a team. The team was constituted, and it was sent. The report of the team came. [H8]

[r9]

Ultimately, the Inter-Ministerial Committee is going to meet on 29th April, 2008, that is, tomorrow; and they are going to take a view on that Report. After taking a view by this IMC, the final decision will be taken by a High-Powered Committee, which is under my Chairmanship, and tentatively a meeting has been called on 7th or 8th of May, 2008.

**अध्यक्ष महोदय :** आपको पैसा मिल जाएगा।

**डॉ. राम लखन सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मैंने दूसरा प्रश्न पूछा था कि देश में बार-बार सूखे और बाढ़ की जो स्थिति पैदा होती है, उससे देश की स्थिति खराब हो जाती है। इससे निपटने के लिए सरकार ने क्या योजना बनाई है। जिस तरह एनडीए सरकार के समय आदरणीय प्रधान मंत्री, श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने नदियों को जोड़ने की योजना बनाई थी, आपने उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया है - कोई बात नहीं, लेकिन क्या आपने देश के कई हिस्से जो हर साल सूखे और बाढ़ की चपेट में आते हैं, उस स्थिति पर काबू पाने के लिए कोई ऐसी योजना बनाई है, जिससे लोगों को पलायन की जरूरत न पड़े?

**श्री शरद पवार:** भारत सरकार अपने बजट में हर साल हर राज्य को कैलेमिटी रिलीफ के लिए पैसा प्रोवाइड करती है। उसके बाद यह जिम्मेदारी हर राज्य सरकार की होती है कि वह अपने यहां ऐसी परिस्थिति का सामना करे। यह बात सत्य है कि बुंदेलखंड की स्थिति कुछ अलग है। वहां के कुछ जिले उत्तर प्रदेश में हैं और कुछ जिले मध्य प्रदेश में हैं। इसलिए भारत सरकार ने इनीशिएटिव लेते हुए एक टीम का गठन करके वहां भेजा। इन दोनों राज्यों से रिपोर्ट हमें मिल गई है। इस पर हम फाइनल व्यू लेने वाले हैं। बुंदेलखंड का हिस्सा इन दोनों राज्यों में आता है। प्रेक्टिकली वहां हर साल या एक साल छोड़कर इस तरह की परिस्थिति पैदा होती है। उसके लिए अलग प्रोग्राम बनाने की आवश्यकता है और दीर्घकालीन योजना बनाकर वहां लागू करने की योजना है।

MR. SPEAKER: Now, Mr. Ramdas Athawale. Though you were not present in the confusion, I would allow you one Supplementary.

**श्री रामदास आठवले :** अध्यक्ष महोदय, सूखे और बाढ़ से निपटने के लिए कैलेमिटी रिलीफ फंड से पैसा दिया जाता है। मध्य प्रदेश सरकार ने सन् 2007 के सूखे से निपटने के लिए 1883.81 करोड़ रुपए की मांग की थी। वह प्रस्ताव आपके पास सन् 2007 में ही आ गया था, लेकिन उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। देश में जहां भी सूखा पड़ता है, कुछ समय के बाद उस राज्य को राहत मिलना अत्यंत आवश्यक है। शरद पवार जी एक स्ट्राँग मिनिस्टर हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि किसी राज्य से जब सूखे से राहत के लिए कोई प्रस्ताव यहां आता है तो वह पैसा जल्दी मिलना चाहिए। अब 2008 चल रहा है और अभी तक मध्य प्रदेश सरकार को पैसा नहीं मिला है। इस सम्बन्ध में आप क्या करने वाले हैं, जिससे वहां की सरकार को जल्दी से जल्दी पैसा मिल सके?

**श्री शरद पवार :** मैंने सदन में पहले भी साफ किया है कि इस बारे में हमारे पास रिपोर्ट आ गई है, कल ही इस सम्बन्ध में मीटिंग होने वाली है, जिसमें तय किया जाएगा कि उस पर कहां तक ध्यान देने की आवश्यकता है। उस मीटिंग के व्यूज़ पर अंतिम निर्णय लेने के लिए 8 मई को एक मीटिंग होगी। मुझे विश्वास है कि उसमें कोई फाइनल निर्णय ले लिया जाएगा।

MR. SPEAKER : Thank you.

**श्री अविनाश राय खन्ना :** अध्यक्ष महोदय, सूखे और बाढ़ की समस्या देश में कहीं न कहीं हर साल उत्पन्न होती रहती है। मंत्री जी ने जवाब में कहा है कि राज्यों के पास कैलेमिटी फंड होता है और केन्द्र के पास नेशनल कैलेमिटी कंटीजेंसी फंड होता है। जब भी किसी राज्य से ऐसी रिक्वेस्ट आती है, तभी एक्शन लिया जाता है। इससे अकेले किसानों का ही मुद्दा जुड़ा हुआ नहीं है, यह मुद्दा पूरे राष्ट्र के साथ जुड़ा हुआ है। अगर फसल नहीं होगी तो देश के भंडारों में अनाज नहीं आएगा। क्या आप किसानों की इन्कम का इंश्योरेंस करने का विचार कर रहे हैं? अगर ऐसा नहीं किया जाएगा तो बार-बार फंड्स के लिए रिक्वेस्ट आती रहेगी और यहां से पैसा जाता रहेगा, लेकिन उसका लाभ किसानों को नहीं होगा। इसलिए किसानों की आमदनी का क्या इंश्योरेंस करने का सरकार का कोई इरादा है, अगर है तो वह कब तक हो जाएगा?

**श्री शरद पवार:** इंश्योरेंस की अलग से स्कीम है। देश में जिन राज्यों ने उसे स्वीकार किया है, वहां के किसान इंश्योरेंस के लिए एलिजिबल होते हैं।[R10]

**श्री महावीर भगोरा :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या आपके ध्यान में आया है कि राजस्थान के 12 जिले सूखे से प्रभावित रहे हैं? क्या केन्द्रीय सरकार ने, आकलन के लिए यहां से कोई टीम भेजी है, अगर भेजी है तो उसका क्या असेसमेंट आया, उसमें कितना नुकसान बताया गया है, तथा उसके आधार पर केन्द्र सरकार का क्या कोई मदद करने का विचार है?

**श्री शरद पवार :** राजस्थान सरकार ने आज तक हमारे पास कोई प्रपोजल नहीं भेजा है। सीआरएफ में जो प्रॉविजन है, वह पैसा खर्च करने का उनका अधिकार है। सीआरएफ से ज्यादा पैसे की अगर आवश्यकता होती है तो हर स्टेट गवर्नमेंट ऐसी डिमांड केन्द्र सरकार के पास भेजती है। फिर हम टीम गठित करते हैं। लेकिन राजस्थान सरकार ने ऐसी कोई मांग नहीं की है।

**श्री नवीन जिन्दल :** माननीय अध्यक्ष जी, सूखे से हर वर्ष हमारे देश का एक बहुत बड़ा हिस्सा प्रभावित होता है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने सूखे से निपटने के लिए कोई दिशा-निर्देश दिये हैं।

SHRI SHARAD PAWAR: The National Disaster Management Authority has been recently set up. In fact, about two months back, one Workshop was called by them and by the Agriculture Ministry jointly. Some definite programme will be prepared and long-term solution will be suggested.

**श्री बृजेश पाठक :** अध्यक्ष जी, सूखे जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आज सवाल आया है। उत्तर प्रदेश में और विशेषकर बुंदेलखंड क्षेत्र में, सूखे के कारण प्रतिवर्ष हजारों किसानों की दुर्दशा होती है। माननीय मंत्री जी ने अपने जवाब में बताया है कि उत्तर प्रदेश के 9 जनपदों में सूखा है और वहां से निर्धारित प्रपत्र पर इन्हें कोई भी मांग-पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस संबंध में, आपके माध्यम से, मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि अपने संबंधित अधिकारियों को जरूर स्पष्ट निर्देश दें क्योंकि पहली बार दिनांक 6.12.2007 को 7 लाख 16 हजार करोड़ रुपये का अनुरोध पत्र भेजा गया था, दूसरा अनुरोध पत्र 2 लाख 799.46 करोड़ रुपये का ब्याज माफ करने के लिए था, वह भी सूखा राहत से संबंधित था और तीसरा, जो बीपीएल का गेहूं भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश सरकार को नहीं दिया, जिससे उत्तर प्रदेश सरकार को मार्किट से गेहूं खरीदकर, किसानों की भुखमरी मिटाने के लिए देना पड़ा, उसके अंतर का पेमेंट करने के लिए 13.3.2008 को प्रांतीय सरकार इन्हें पत्र लिखा है, लेकिन इस संबंध में कोई भी कार्रवाई नहीं की गयी है। एक बात मैं और कहना चाहता हूं कि सूखा राहत के बारे में किसी राज्य से कोई मांग-पत्र प्राप्त होता है तो केन्द्रीय टीम जाती है। इस संबंध में 22, 23, और 24 जनवरी 2008 को, एक केन्द्रीय टीम, आपके जाइंट-सैक्रेट्री के नेतृत्व में, उत्तर प्रदेश गयी थी और उसने सारे तथ्यों का आकलन किया था। मांग-पत्र भेजने के बाद ही केन्द्र की टीम स्टेट में जाती है, इसलिए माननीय मंत्री जी ने जो जवाब दिया है, वह तथ्यहीन है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं और पूछना चाहता हूं कि जो सूखा-राहत बुंदेलखंड और उत्तर प्रदेश के लिए मांगा गया है, उसका कब तक भुगतान किया जाएगा, जिससे उत्तर प्रदेश के किसानों को सूखे से निजात मिल सके।

MR. SPEAKER : Last question is all right.

**श्री शरद पवार :** उत्तर प्रदेश सरकार ने, किसी भी सूखे के लिए, हमारे पास प्रपोजल नहीं भेजा है। मैंने अखबार में पढ़ा था कि कोई एक लाख करोड़, दो लाख करोड़, 80 हजार करोड़ की मांग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा डेवलपमेंट के लिए की गयी है। लेकिन स्पैसिफिक तौर पर कि इन जिलों में सूखा है, इसलिए आप टीम भेजकर, स्टडी कराकर,, उन्हें राहत दीजिए, इस तरह का कोई प्रपोजल उन्होंने नहीं भेजा है। यह बात सच है कि बुंदेलखंड की स्थिति अलग है। इसलिए भारत सरकार ने इनीशिएटिव लेकर बुंदेलखंड टीम भेजी थी, जिसकी रिपोर्ट हमारे पास आई है, उसमें कुछ कदम हम उठाना चाहते हैं। (*nterruptions*)

MR. SPEAKER: Mr. Brajesh Pathak, please give up this habit.

Do not record it.

*(Interruptions) â€¦* [r11]*

SHRI BIKRAM KESHARI DEO : Mr. Speaker, Sir, I would like to know from the hon. Minister one specific question. A lot of areas in the country are drought-prone areas. So, in order to make them drought-proof areas, what steps has the Agriculture Ministry suggested to various Ministries, like Irrigation Department and other Revenue Departments? The Relief Codes of various States are outdated and archival and are there since the British time. What steps has the Government taken to change these Relief Codes in various States, which are very outdated?

SHRI SHARAD PAWAR : Whatever relief we should provide to affected people has been discussed by the Government of India last year and the latest formula for every item has been finalized and communicated to every State, and implementation has been started.

Regarding long-term solution, there is a separate programme for DPAP areas, for permanently drought-affected areas. A number of programmes have been suggested, like Watershed Development Programme. All these programmes have to be implemented by the State Governments. There is a special budgetary provision for all this. Also recently, we have introduced National Rural Employment Guarantee Scheme at national level. One can use this Scheme and entire labour for implementation of these types of programmes, and States can definitely give priority to this.

* Not recorded

**श्री रेवती रमन सिंह :** अध्यक्ष महोदय, पिछले सत्र में हमने सूखे के बारे में प्रश्न उठाया था। मैं कृषि मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा, क्योंकि इन्होंने सैंट्रल टीम हमारे यहां भेजी थी। सैंट्रल टीम की रिपोर्ट आ गई है। इस कारण कोरांओ, बारा, मेजा, करच्छना में लगभग 30 हजार हैक्टेयर जमीन पर गेहूं बोया नहीं जा सका था। सैंट्रल टीम ने आपको रिपोर्ट दे दी है। उत्तर प्रदेश सरकार आपको रिपोर्ट नहीं भेज रही है।...(व्यवधान)

**श्री बृजेश पाठक :** उत्तर प्रदेश सरकार रिपोर्ट भेज रही है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** बृजेश जी, आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप क्यों यूपी सरकार के लिए बात कर रहे हैं।

â€¦(व्यवधान)

**श्री बृजेश पाठक :** उत्तर प्रदेश सरकार लगातार किसानों के लिए कोशिश कर रही है। अगर इस तरह की अनर्गल बात सदन में होगी, तो सही बात नहीं होगी।â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Shri Brajesh Pathak, I request you not to do this. He has a right to put a question and Minister to reply.

**श्री रेवती रमन सिंह :** महोदय, क्या मैं माननीय कृषि से जान सकता हूं कि अगर उत्तर प्रदेश सरकार ने रिपोर्ट नहीं भेजी है...(व्यवधान)

**श्री बृजेश पाठक :** अध्यक्ष महोदय, ऐसा क्यों कह रहे हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार ने रिपोर्ट नहीं भेजी...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप क्या कर रहे हैं? क्या कोई यूपी का नाम नहीं ले सकता है?

â€¦(व्यवधान)

**श्री बृजेश पाठक :** महोदय, सदन सत्य कहने के लिए है, अगर यूपी सरकार पर कोई अनर्गल आरोप लगाएगा, तो मैं बर्दाश्त करने वाला नहीं हूं।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Do not record this.

*(Interruptions) â€¦ **

**अध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइए। आप सरकार के मंत्री नहीं हैं, आप वहां जनता द्वारा चुने हुए सदस्य हैं।

â€¦(व्यवधान)

* Not recorded

**अध्यक्ष महोदय :** हम एक-एक रूल की कापी सबको भेजेंगे।

**श्री रेवती रमन सिंह :** मान्यवर, कृषि मंत्री जी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने रिपोर्ट नहीं भेजी है।

MR. SPEAKER: You ask a direct, brief and specific question.

**श्री रेवती रमन सिंह :** महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि अगर उत्तर प्रदेश सरकार ने रिपोर्ट नहीं भेजी है, तो क्या कृषि मंत्री जी अपने स्तर से, केंद्रीय स्तर से मदद करेंगे, अगर नहीं, तो क्यों नहीं करेंगे?

**श्री शरद पवार :** महोदय, जैसा मैंने सदन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इससे पहले डिक्लेयर किया कि नौ डिस्ट्रिक्ट में सूखे की परिस्थिति है। इसके साथ-साथ उत्तर प्रदेश सरकार ने इन डिस्ट्रिक्ट्स में हम क्या करना चाहते हैं, इसका भी निर्णय लिया है और इस पर अमल करने की प्रक्रिया उन्होंने शुरू की है। लेकिन जो अलग से ड्राउट के लिए डिमांड करते हैं कि इतने करोड़ रुपया भेजो, टीम भेजो, यह प्रपोजल उनकी तरफ से नहीं आया। फिर भी जहां तक बुंदेलखंड की परिस्थिति है, हमारे पास ऐसी रिपोर्ट है कि बुंदेलखंड के कुछ जिले हैं, इनके साथ-साथ इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट के कोराल, मेजावाडा और करच्छना, यह जो एक तहसील है, जहां इस तरह की परिस्थिति है। यह सब देखने के लिए हमने एक टीम कांस्टीट्यूट की। उस टीम ने वहां विजिट किया और अपनी रिपोर्ट तैयार की। इस रिपोर्ट पर हम फाइनल डिसीजन लेने वाले हैं।

**मोहम्मद सलीम :** अध्यक्ष महोदय, जहां भी ड्राउट लाइक सिचुएशन या ड्राउट होता है, हमारे देश में कहीं न कहीं होते रहते हैं। जब सीआरएफ और एनसीसीएफ का

मामला आया, उस समय सरकार का यह कहना था कि हम सोशल मैकेनिज्म कर रहे हैं, ताकि आसानी हो। लेकिन यह देखा जाता है कि वहां पिछले मानसून में पिछले, अगस्त, सितम्बर में बारिश नहीं हुई, जिससे किसानों को परेशानी हुई। राज्य सरकार रिपोर्ट भेज रही है या नहीं भेज रही है, उसके आधार पर आप हाई लेवल कमेटी बनाएंगे। एनसीसीएफ फंड, सीसीएफ का मामला राज्य सरकार के पास है। अगर इसी तरह एक साल बीत जाएगा, इससे किसानों को जो परेशानी और दिक्कत होती है, खासकर बुंदेलखंड में राजनीति हो रही है,[R12] लेकिन किसानों को जो राहत मिलनी चाहिए वह मामला केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच में अटका हुआ है, जिसके कारण लोग आत्महत्या करते हैं, उससे परेशानी होती है। एक साल होने जा रहा है और फिर मानसून सीजन आ गया है। मैं जानना चाहता हूं कि जो इंस्टीटयूशनलाइज्ड मेकेनिज्म बनाया गया था, क्या उसे आप सुधारेंगे ताकि यह काम टाइम बाउंड हो, स्पीडी हो और तीन या चार महीने में राहत कार्य शुरू हो, वरना सब बेमानी हो जाएगा।

MR. SPEAKER : This is a federal country.

**श्री शरद पवार :** महोदय इसीलिए सीआरएफ का प्रबंध किया गया है, जिसमें 3:1 का रेश्यो है। इसमें 3 अनुपात की फाइनेंशियल जिम्मेदारी भारत सरकार लेती है, इतना फाइनेंस हम हर बजट में हर राज्य सरकार को प्रोवाइड करते हैं। यह इसीलिए प्रोवाइड करते हैं कि जब ऐसी परिस्थिति हो, तब रिपोर्ट आदि आने में, मदद करने में थोड़ा समय लगता है, तब राज्य सरकार इस राशि के आधार पर उस क्षेत्र में राहत कार्य शुरू कर सकती है।

जहां तक उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश की बात है, इन तीनों राज्यों को, यानी वर्ष 2008-09 के लिए मध्य प्रदेश के लिए 277 करोड़, राजस्थान के लिए 481 करोड़ और उत्तर प्रदेश के लिए 322 करोड़ की राशि दी है। इसमें 75 परसेंट सैंट्रल गवर्नमेंट का शेयर है और इसे देने की हमारी तैयारी है।

MR. SPEAKER: Q.No. 482 – Shri Kinjarapu Yerrannaidu – not present.

Now, we had a good discussion on the drought affairs or problems in the States. I am thankful to all sides of the House for their belated cooperation.

Q.No. 483. Shri Balashowry Vallabhaneni – not present. Shri G.M. Siddeswara – not present.

**(Q.No. 482)**

**श्री नन्द कुमार साय :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि भूजल संग्रहण की चालू परियोजनाओं से एकत्रित किए गए आंकड़े प्रत्येक राज्यवार क्या हैं? माननीय मंत्री जी ने इसकी पूरी जानकारी नहीं दी है, यह जानकारी पूरी आनी चाहिए। क्या केंद्र सरकार कोई ऐसी योजना या आइडियल बिल बनाने पर विचार कर रही है और इसकी कॉपी प्रत्येक राज्य को उनका व्यू जानने के लिए भेज रही है? पंजाब और पूरे देश में जो जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, इसे रोकने के लिए क्या कोई ऐसी योजना बनाने के लिए आपने राज्य सरकारों को कोई पत्र या बिल भेजा है? क्या इस पर उनका कोई अभिमत आया है और इस आधार पर आप क्या योजना बना रहे हैं, बताने की कृपा करें।

**अध्यक्ष महोदय :** समय ज्यादा नहीं है, आपको जवाब नहीं मिलेगा। इसका जवाब सिर्फ आपको नहीं पूरे हाउस को बताएंगे।

**प्रो. सैफुद्दीन सोज़ :** जनाब-ए-आला, सबसे पहले हमें यह मान लेना चाहिए कि यह सिंचाई और रेन वाटर हार्वेस्टिंग का काम स्टेट्स को करना है। केंद्र सरकार इसमें मदाखलत करती है कभी-कभी पॉलिसी के तौर पर या टेक्नीकल एडवाइज देने के तौर पर या डिमान्सट्रेटिव प्रोजेक्ट चलाने में, लेकिन बुनियादी जिम्मेदारी स्टेट की है। हम जो स्कीमें चलाते हैं उसके मुताबिक मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारे पास 15640 ऐसे वैल्स हैं, जिनको ऑब्जर्वेशन वैल्स कहते हैं। इनकी साल में चार बार पहचान होती है कि उनमें पानी कितना है। जब मुख्तलिफ एरियाज में वाटर लेबल नीचे जाता है तब राज्य सरकारों को हम जानकारी देते हैं और उनको सूचित करने का काम करते हैं, उनको बताते हैं कि वाटर लेबल कहां गिर गया है। मेरे पास स्टेट वाइज पोजीशन है कि हमारे मुल्क में कहां-कहां वाटर लेबल गिर गया है। हमने स्टेट्स को बता दिया है कि आपके यहां वाटर लेबल गिर गया है और यहां से पानी नहीं निकालना चाहिए। लेकिन आपने जो रेन वाटर हार्वेस्टिंग की बात कही है, हमने इसमें काम किया है और डिमांस्ट्रेशन के तौर पर स्टेट्स को बताया है कि ग्राउंड वाटर को कैसे रिचार्ज करते हैं। हम इसके लिए टीम भेजते हैं। इसके साथ हमने काफी स्टेट्स को बताया कि रूफ टॉप पर कैसे रेन वाटर हार्वेस्टिंग कर सकते हैं ताकि पीने के लिए पानी मिल सके। ये डिमांस्ट्रेटिव स्कीम्स हैं, मसलन हमने काफी स्टेट्स में 413 स्कूलों में सिखाया है, डिमांस्ट्रेट किया है कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग कैसे होती है।[r13]

उसके अलावा ग्राउंड वाटर को कैसे रीचार्ज किया जाएगा, इस बारे में भी बहुत सारी स्टेट्स के आंकड़े मेरे पास हैं। यह काम हम करते जायेंगे, लेकिन बुनियादी काम स्टेट्स को करना है। इसके अलावा मैं बताना चाहता हूं कि हमने मॉडल बिल भी बनाये हैं - इसके लिए सारे प्रांतों में कानून बनना चाहिए और इसे बहुत सारे प्रांतों ने मान लिया है।

**12.00 hrs.**